School Level Examination

SLE 2022

# GRADE 8

# HINDI

**Subject Code:** 8 0 1

**Total Questions:** 40

**Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- उत्तर-पत्रिका में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **काले/नीले बॉल पॉइंट पेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **40 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषिद्ध** है।
  प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

## खण्ड-क ( विषय आधारित )

**निर्देश: इस खण्ड में 30 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. वह साधन जिसके माध्यम से मनुष्य अपने हृदय के भावों व मस्तिष्क के विचार दूसरे मनुष्य के समक्ष प्रकट कर सकता है–

(A) वर्ण (B) शब्द

(C) भाषा (D) इनमें से कोई नहीं

2. 'भाषा' शब्द संस्कृत के किस शब्द से उत्पन्न हुआ है?

(A) भाष (B) भास्

(C) भाश् (D) भाष्

3. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सरल वाक्य नहीं है?

(A) पिताजी बाजार गए। (B) नौकर चाय बनाकर लाया।

(C) गीता गा रही है और निशा नाच रही है। (D) मोहन पाठशाला जा रहा है।

4. कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है?

(A) ब्रहस्पति (B) कवयित्री

(C) प्रादुर्भाव (D) आकलन

5. 'अति + अधिक' की संधि से बना सही शब्द है–

(A) अतिअधिक (B) अत्याधिक

(C) अत्यधिक (D) अतिधिक

6. कौन-सा शब्द 'उपकार' शब्द का विलोम है?

(A) परोपकार (B) अपकार

(C) प्रतिकार (D) स्वीकार

7. किस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?

(A) बाहर कोई खड़ा है। (B) जिसकी लाठी, उसकी भैंस।

(C) वह कल आएगा। (D) अभिषेक अपने-आप घर चला गया।

8. कौन-सा शब्द 'वृक्ष' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
   (A) द्रुम
   (B) वात
   (C) पादप
   (D) विटप

9. 'तेज बुद्धि वाला' के लिए उपयुक्त वाक्यांश है–
   (A) तीव्र बुद्धि
   (B) बुद्धिहीन
   (C) बुद्धिमान
   (D) कुशाग्रबुद्धि

10. 'यथाशक्ति' शब्द में कौन-सा समास है?
   (A) अव्ययीभाव समास
   (B) तत्पुरुष समास
   (C) कर्मधारय समास
   (D) बहुव्रीहि समास

11. 'आसमान सिर पर उठाना' मुहावरे का सही अर्थ है–
   (A) कार्य पूर्ण रूप से करना
   (B) बहुत शोर करना
   (C) दूसरों पर चिल्लाना
   (D) दूसरों को दोष देना

12. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
   (A) कल रात भर बारिश होती रही।
   (B) मैं और सब पिकनिक पर गए।
   (C) तुम तो सदैव ही बहाने बनाते हो।
   (D) हवा ठंडी चल रही है।

13. कौन-सा शब्द 'अक्ष' शब्द के लिए अनेकार्थी नहीं है?
   (A) आँख
   (B) अक्षर
   (C) धुरी
   (D) आत्मा

14. किस वाक्य का रेखांकित पद रीतिवाचक क्रियाविशेषण है?
   (A) मैं <u>उधर</u> ही जा रहा हूँ।
   (B) तुम <u>दिनभर</u> सोते रहते हो।
   (C) सोहन <u>ध्यानपूर्वक</u> पढ़ रहा है।
   (D) <u>ऊपर</u> शोर हो रहा है।

15. कौन-सा शब्द 'प्र' उपसर्ग लगाकर नहीं बना?
   (A) प्रकार
   (B) प्रशासन
   (C) प्रत्येक
   (D) प्रयत्न

16. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'क' व्यंजन के स्थान पर आगत व्यंजन 'क़' आना चाहिए?
   (A) किताब
   (B) कलम
   (C) कुरान
   (D) करीम

17. 'नमः + कार' की संधि से बना सही शब्द है–

(A) नमनकार (B) नमष्कार

(C) नमश्कार (D) नमस्कार

18. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'अप' उपसर्ग से नहीं बना है?

(A) अपमान (B) अपराध

(C) अपहरण (D) अपव्यय

19. किस शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द ग़लत है?

(A) सज्जन – सज्जनता (B) ठग – ठगी

(C) निज – निजता (D) मीठा – मिठाई

20. 'माला' शब्द का सही बहुवचन कौन-सा शब्द है?

(A) मालाएँ (B) माले

(C) मालाओं (D) मालें

21. 'पहले उसे खाना <u>खिलाओ</u>, बाद में बातें करना।' वाक्य की रेखांकित क्रिया है–

(A) सकर्मक क्रिया (B) अकर्मक क्रिया

(C) प्रथम प्रेरणार्थक (D) द्वितीय प्रेरणार्थक

22. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ऐसा है जिसका प्रयोग हमेशा एकवचन में ही होता है?

(A) केश (B) प्राण

(C) क्षमा (D) दर्शन

23. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कर्मवाच्य के लिए ग़लत है?

(A) कर्मवाच्य अकर्तृवाच्य का एक उपभेद है।

(B) कर्मवाच्य के वाक्य में कर्ता के बाद 'से' या 'के द्वारा' परसर्ग लग जाते हैं।

(C) कर्मवाच्य में केवल सकर्मक क्रिया ही आती है।

(D) कर्मवाच्य में हमेशा क्रिया कर्म की संज्ञा के अनुसार बदलती है।

24. किस वाक्य में संबंधबोधक का प्रयोग नहीं हुआ है?
   (A) चाचा जी के साथ कौन आया है?
   (B) हमारे स्कूल के सामने एक चालीस मंजिला भवन बन रहा है।
   (C) वह आना चाहती थी मगर सिरदर्द के कारण न आ सकी।
   (D) होली के कारण वह घर के भीतर छुपा बैठा है।

25. 'दूर के ढोल सुहावने लगते हैं' लोकोक्ति का सही अर्थ कौन-सा है?
   (A) दूर की बातें अच्छी लगती है
   (B) दो काम करने से किसी में सफलता नहीं मिलती
   (C) अपनी अयोग्यता को छुपाने के लिए बहाने करना
   (D) मुसीबत के समय थोड़ी-सी सहायता भी काफ़ी होती है

26. किसी बड़े अंश का संक्षिप्त रूप लिखने के लिए कौन-से चिह्न का प्रयोग किया जाता है?
   (A) कोष्ठक (B) संक्षेप सूचक
   (C) विवरण चिह्न (D) उद्हरण चिह्न

27. 'चोर की दाढ़ी में तिनका' लोकोक्ति का सही अर्थ है–
   (A) महाकंजूस होना (B) अयोग्य व्यक्ति को अच्छी चीज़ मिल जाना
   (C) जो जैसा करता है, वैसा ही फल उसे मिलता है (D) दोषी व्यक्ति स्वयं डरता है

**निर्देशः निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

दस गीदड़ों की अपेक्षा एक सिंह अच्छा है। सिंह, सिंह है और गीदड़, गीदड़ है। यही स्थिति किसी परिवार के उन सदस्यों की होती है जिनकी संख्या आवश्यकता से अधिक हो। न भरपेट भोजन, न तन ढकने के लिए वस्त्र, न अच्छी शिक्षा, न मनचाहा रोज़गार। गृहपति चिंता में डूबा रहता है। रात की नींद और दिन का चैन गायब हो जाता है। बार-बार दूसरों पर निर्भर होने की विवशता अलग। सम्मान और प्रतिष्ठा तो जैसे सपने की बातें हों। यदि दुर्भाग्यवश गृहपति न रहा तो आश्रितों का ठिकाना नहीं। इसलिए आवश्यक है कि परिवार छोटा हो।

28. 'दस गीदड़ों की अपेक्षा एक सिंह का होना अच्छा है।' वाक्य के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है?
   (A) ज़्यादा गीदड़ पालने से अच्छा है कम शेर पाले जाएँ।
   (B) परिवार में पढ़े-लिखे गुणी कम सदस्य हों बनिस्पत, अशिक्षित, बेरोज़गार अधिक सदस्यों के।
   (C) अनेक डरपोक साथियों की तुलना में एक बहादुर का होना अधिक महत्त्वपूर्ण है।
   (D) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

29. परिवार में सदस्यों की अधिक संख्या होने पर निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति नहीं हो पाती है?
    (A) न भरपेट भोजन मिल पाता है और न तन ढकने के लिए वस्त्र।
    (B) न अच्छी शिक्षा मिल पाती है और न मनचाहा रोज़गार।
    (C) घर का मालिक चैन की नींद सोता है।
    (D) परिवार के सम्मान और प्रतिष्ठा में कमी आ जाती है।

30. दस गीदड़ों की अपेक्षा ........................ सिंह अच्छा है।
    (A) दो
    (B) एक
    (C) दस
    (D) पाँच

## खण्ड-ख ( योग्यता आधारित )

**निर्देशः इस खण्ड में 10 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल दो विकल्प सही है। विद्यार्थी को दोनों सही विकल्पों का चयन करना है।**

31. किन दो प्रांतों की भाषाएँ सही हैं?
    (A) आंध्रप्रदेश-तेलुगु
    (B) केरल-तमिल
    (C) कर्नाटक-कन्नड़
    (D) गोवा-सिंधी

32. वर्तनी के दृष्टि से कौन-से दो शब्द अशुद्ध हैं?
    (A) समान्य
    (B) सामान
    (C) इतिहासिक
    (D) ऐतिहासिक

33. निम्नलिखित में से कौन-से दो व्यंजन, कंठ्य व्यंजन नहीं हैं?
    (A) क्
    (B) ट्
    (C) घ्
    (D) त्

34. किन दो शब्दों के स्त्रीलिंग रूप सही हैं?
    (A) भेड़-भेड़ी
    (B) आयुष्मान-आयुष्मती
    (C) रचयिता-रचयित्री
    (D) विद्वान-विद्वानी

35. कौन-से दो कवि भक्तिकाल के हैं?
    (A) माखनलाल चतुर्वेदी
    (B) रसखान
    (C) सूर्यकांत त्रिपाठी ‘निराला’
    (D) ध्रुवदास

36. तुलसीदास जी की प्रमुख दो रचनाएँ हैं-

(A) मेघदूतम्
(B) रामचरितमानस
(C) दोहावली
(D) रघुवंशम्

37. किन दो भाषाओं की लिपियों के नाम सही हैं?

(A) संस्कृत-देवनागरी
(B) फ्रेंच-फारसी
(C) नेपाली-रोमन
(D) पंजाबी-गुरुमुखी

38. किन दों शब्दों से बने भाववाचक संज्ञा शब्द ग़लत हैं?

(A) खट्टा – खटाई
(B) धिक् – धिक्कार
(C) उड़ान – उड़ाकू
(D) वीर – वीरता

39. मानक वर्तनी के नियमानुसार कौन-से दो शब्द अमानक रूप में लिखे गए हैं?

(A) गन्ना
(B) चिह्न
(C) मिट्टी
(D) द्वितीय

40. निम्नलिखित शब्दों में से किन दो शब्दों में 'ज' के स्थान पर 'ज़' व्यंजन होना चाहिए?

(A) सजा
(B) जिला
(C) जीवन
(D) विजय

GRADE
8

HINDI